आर. एन. आई. नं. UPHIN/2010/32566 डाक. पंजीयन. संख्या– SSP/LW/NP-311


# अद्भुत समाचार

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी साप्ताहिक
हर ख़बर पर पैनी नज़र

वर्ष : 11 अंक : 38 लखनऊ, गुरुवार 14 जनवरी से 20 जनवरी, 2021 तक पृष्ठ–8 मूल्य : एक रूपया

## पीएम फसल बीमा योजना के पांच वर्ष पूरा होने पर सभी लाभार्थियों को मिली बधाई

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम फसल बीमा योजना के पांच वर्ष पूरा होने पर आज इसके सभी लाभार्थियों को बधाई दी। किसानों को समृद्ध करने की दिशा में मोदी सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना को १३ जनवरी २०१६ को लागू किया गया था। योजना के तहत किसान के योगदान के अलावा अतिरिक्त प्रीमियम का भार केंद्र और राज्य सरकारें समान रूप से सहायता के रूप में उठाती हैं। पूर्वोत्तर राज्यों में ९० प्रतिशत प्रीमियम सहायता केंद्र सरकार देती है। मोदी ने योजना के पांच वर्ष पूरा होने पर लाभार्थियों को बधाई देते हुए ट्वीट किया, देश के अन्नदाताओं को



प्रकृति के प्रकोप से सुरक्षा प्रदान करने वाली पीएम फसल बीमा योजना के आज पांच साल पूरे हो गए हैं। इस योजना के तहत नुकसान का कवरेज बढ़ने और जोखिम कम होने से करोड़ों किसानों को लाभ हुआ है। इसके सभी लाभार्थियों को मेरी बहुत–बहुत बधाई। प्रधानमंत्री ने एक अन्य ट्वीट में लिखा, पीएम फसल बीमा योजना ने कैसे किसानों को अधिक से अधिक लाभ सुनिश्चित किया है? दावों के निस्तारण में कैसे पूरी पारदर्शिता बरती गई है? पीएम फसल बीमा योजना से संबंधित ऐसी सभी जानकारियां नमो एप के योर वायस सेक्शन में रखी गई हैं। जानें और शेयर करें।

## ६० किसानों के शहीद हाने पर मोदी सरकार शर्मिंदा नहीं हुई रैक्टर रैली पर शर्मिंदाः राहुल गांधी

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने २६ जनवरी को किसानों की ओर से प्रस्तावित ट्रैक्टर रैली को लेकर मोदी सरकार पर निशाना साधा है। कांग्रेस नेता ने कहा, जब ६० किसान शहीद हुए हैं तो मोदी सरकार शर्मिंदा नहीं हुई, लेकिन ट्रैक्टर रैली पर वह शर्मिंदा है। पिछले साल २६ नवंबर से दिल्ली की सीमाओं पर कृषि कानूनों के विरोध में किसानों के विरोध–प्रदर्शन की वजह से दुर्घटनाओं, आत्महत्या या अन्य कारणों से लगभग ६० किसानों की मौत हो गई है। केंद्र ने दिल्ली पुलिस के माध्यम से, सुप्रीम कोर्ट में एक हलफनामा दायर किया था, जिसमें गणतंत्र दिवस के दिन ट्रैक्टर–ट्रॉली/वाहन मार्च या किसी भी रूप में प्रदर्शन पर निषेधाज्ञा लगाने की मांग की गई थी। केंद्र ने कल कहा कि विभिन्न स्रोतों के माध्यम से सुरक्षा एजेंसियों के संज्ञान में यह आया है कि विरोध करने वाले व्यक्तियों/संगठनों के छोटे समूह ने २६



जनवरी को ट्रैक्टर– ट्रॉली/वाहन मार्च निकालने की योजना बनाई है। केंद्र ने कहा, समारोह में कोई व्यवधान या किसी तरह की बाधा न केवल कानून और व्यवस्था, सार्वजनिक हित के खिलाफ होगा, बल्कि राष्ट्र के लिए एक 'बड़ी शर्मिंदगी' भी होगी।

## यमुना में प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट ने खुद लिया संज्ञान

नई दिल्ली। यमुना नदी में बढ़ते प्रदूषण को देखकर सुप्रीम कोर्ट ने आज खुद से संज्ञान लिया। साथ ही दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) की याचिका पर हरियाणा सरकार को नोटिस भी जारी किया है। डीजेबी ने नदी के पानी में अमोनिया के उच्च स्तर के कारण दिल्ली के सभी क्षेत्रों में पानी सप्लाई करने में असमर्थता जताते हुए शीर्ष अदालत से गुहार लगाई थी। हरियाणा की ओर से आने वाले पानी से अमोनिया यमुना में आता है। डीजेबी की ओर से वरिष्ठ वकील मीनाक्षी अरोड़ा ने चीफ जस्टिस एस.ए. बोबडे की अध्यक्षता वाली पीठ के सामने दलील दी कि हरियाणा में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) ठीक से काम नहीं कर रहा था। इससे पानी में अमोनिया का स्तर बढ़ गया है और यह पीने के लिए अयोग्य हो गया



है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि पानी में छोड़े गए प्रदूषक प्रमुख मुद्दा हैं। पीठ ने अरोड़ा से पूछा, एसटीपी के जरिये प्रदूषण को कम करने के लिए क्या कदम उठाए जाने चाहिए। इस पर डीजेबी ने कहा कि पानी में अमोनिया का ०.६ पीपीएम से कम स्तर होना चाहिए। इसके बाद भी हरियाणा से ३०० क्यूसेक अत्यधिक प्रदूषित पानी आ रहा है। उसने क्लोरीनयुक्त पानी में अमोनिया की उपस्थिति के कारण बेहद गंभीर स्वास्थ्य के लिए खतरा होने का हवाला दिया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह दिल्ली में यमुना नदी में गंदगी के मुद्दे को भी उठाएगी और अरोड़ा को एमिकस क्यूरी के रूप में नियुक्त करेगी। अदालत ने डीजेबी को हरियाणा सरकार पर कागजात देने के लिए भी कहा है और मामले की सुनवाई करने के लिए अगले सप्ताह मंगलवार का दिन तय किया है।

## अंतर धार्मिक विवाह पर बड़ा फैसला

इलाहाबाद। अलग अलग धर्मों के लोगों की शादी से जुड़े एक मामले में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। हाई कोर्ट ने स्पेशल मैरिज एक्ट में बदलाव की जरूरत बताते हुए कहा है कि उत्तर प्रदेश के स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत शादी से ३० दिन पहले जरूरी तौर पर नोटिस देने का नियम अनिवार्य नहीं है। अदालत ने कहा कि इसको वैकल्पिक बनाना चाहिए। इसके साथ ही अदालत ने यह भी कहा कि इस तरह का नोटिस निजता का हनन है। यह शादी के इच्छुक जोड़े की इच्छा पर निर्भर होना चाहिए कि वे नोटिस देना चाहते हैं या नहीं। अदालत ने यह भी कहा कि बालिग जोड़े की शादी को लेकर विवाह अधिकारी को किसी आपत्ति पर भी ध्यान नहीं देना चाहिए। हाई कोर्ट ने यह फैसला उस याचिका पर सुनाया, जिसमें कहा गया था कि दूसरे धर्म के लड़के से शादी की इच्छा रखने वाली एक बालिग लड़की को हिरासत में रखा गया है। इस जोड़े ने अदालत से कहा था कि शादी से ३० दिन पहले नोटिस देने से उनकी निजता का उल्लंघन हो रहा है। हाई कोर्ट ने इस पर फैसला सुनाते हुए कहा कि इस तरह की चीजों को सार्वजनिक करना निजता और आजादी जैसे मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। इसके साथ ही यह अपनी मर्जी से जीवनसाथी चुनने



की आजादी के आड़े भी आता है। अदालत ने फैसले में कहा– जो लोग शादी करना चाहते हैं, वे विवाह अधिकारी से लिखित अपील कर सकते हैं कि ३० दिन पहले नोटिस को सार्वजनिक किया जाए या नहीं। अगर वे नोटिस सार्वजनिक नहीं करना चाहता है तो विवाह अधिकारी को ऐसा कोई नोटिस सार्वजनिक नहीं करना चाहिए। साथ ही इस पर किसी भी तरह की आपत्ति पर ध्यान नहीं देना चाहिए। उसे इस शादी को विधिवत पूरा करवाना चाहिए।

## विवादित ढांचा विध्वंस मामले के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई टली

लखनऊ। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ में अयोध्या के विवादित ढांचा विध्वंस मामले के फैसले को चुनौती देने वाली पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई दो सप्ताह के लिये टाल दी गई है। याचिकाकर्ताओं ने बुधवार को अदालत से मांग की थी कि उन्हें अपनी याचिका में कुछ कमियों को दूर करने के लिये कुछ और समय चाहिये। यह याचिका न्यायमूर्ति राकेश श्रीवास्तव की एकल पीठ के समक्ष सूचीबद्ध थी। न्यायमूर्ति श्रीवास्तव ने रजिस्टरी कार्यालय से मामले को दो सप्ताह बाद सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया है। यह याचिका अयोध्या निवासी हाजी महबूब अहमद और सैयद अखलाक अहमद की ओर से दाखिल की गई है। याचिका में विवादित ढांचा विध्वंस मामले के ३० सितम्बर २०२० के सीबीआई अदालत के फैसले को चुनौती देते हुए पूर्व उप प्रधानमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी, प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री कल्याण सिंह, भाजपा के वरिष्ठ नेताओं मुरली मनोहर जोशी , उमा भारती और विनय कटियार समेत सभी ३२ आरोपियों को बरी करने के विशेष अदालत के फैसले को गलत एवं तथ्यों के विपरीत बताया गया है। याचिका में कहा गया है कि याचिकाकर्ता इस मामले में गवाह होने के साथ–साथ विवादित ढांचा विध्वंस की घटना के पीड़ित भी हैं। याचिकाकर्ताओं का यह भी कहना है कि अभियुक्तों को बरी करने के फैसले के विरुद्ध सीबीआई ने आज तक कोई अपील दाखिल नहीं की है लिहाजा याचियों को वर्तमान पुनरीक्षण याचिका दाखिल करनी पड़ी है। याचिका में सभी ३२ अभियुक्तों को दोषी करार दिये जाने की मांग की गई है। गौरतलब है कि ३० सितम्बर २०२० को सीबीआई की विशेष अदालत ने लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, कल्याण सिंह, उमा भारती, साक्षी महाराज, लल्लू सिंह, बृजभूषण शरण सिंह व महंत नृत्य गोपाल दास समेत सभी जीवित ३२ अभियुक्तों को बरी कर दिया था।

# सम्पादकीय

## यूजर्स का गुस्सा जायज

सोशल मीडिया प्लैटफॉर्मवॉट्सऐप की नई पॉलिसी को लेकर दुनिया भर में इसके यूजर्स में पैदा हुआ गुस्सा जायज है। खासकर वट्सऐप के इस कदम का भारत में असर देखा जाएगा, जो इस प्लैटफॉर्म का सबसे बड़ा मार्केट है। वॉट्सऐप ने अब यूजर्स के सामने सिर्फ दो ही विकल्प छोड़े हैं– या तो वे उसकी शर्तें मान कर अपनी प्राइवेसी को खत्म करें या फिर अपना अकाउंट डिलीट करें। शर्तें मानना है या नहीं, इस बारे में सोचने के लिए ८ फरवरी तक का वक्त वॉट्सऐप की मालिक कंपनी फेसबुक ने दिया है। गौरतलब है कि दुनियाभर में २०० करोड़ से ज्यादा यूजर्स वॉट्सऐप इस्तेमाल करते हैं। नया साल शुरू होते ही यूजर्स को वॉट्सऐप पर नए टर्म्स और प्राइवेसी पॉलिसी का अपडेट मिलने लगा। इसमें लिखा है कि यूजर्स को ये पॉलिसी माननी होगी। इसमें मूल बात यह है कि वॉट्सऐप पर आप जो कंटेंट अपलोड, सबमिट, स्टोर, सेंड या रिसीव करते हैं, कंपनी उन्हें कहीं भी यूज, रिप्रोड्यूस, डिस्ट्रीब्यूट और डिस्प्ले कर सकती है। जाहिर है, इस पॉलिसी के जरिए वॉट्सऐप अपने २०० करोड़ से ज्यादा यूजर्स का डेटा एक्सेस कर पाएगी। यानी वो उनके डेटा को दूसरे प्लेटफॉर्म पर शेयर भी कर पाएगी। नई पलिसी के नोटिफिकेशन में उसने साफ लिखा है कि अब वॉट्सऐप आपकी हर सूचना अपनी पेरेंट कंपनी फेसबुक और इंस्टाग्राम के साथ शेयर करेगा। यानी वॉट्सऐप अपने यूजर्स के डेटा का इस्तेमाल करके पैसे कमा सकती है। दूसरी तरफ यूजर्स की प्राइवेसी पूरी तरह खत्म हो जाएगी। मसलन, भुगतान के लिए वॉट्सऐप का इस्तेमाल करने वाले यूजर्स के बैंक का नाम, कितनी राशि और डिलीवरी का स्थान सभी को ये प्लैटफॉर्म ट्रैक करेगा। इससे फेसबुक–इंस्टाग्राम भी आपके फाइनेंशियल ट्रांजेक्शन जान जाएंगे। ट्रांजेक्शन डिटेल से कंपनी आपकी प्रोफाइलिंग करेगी। यानी आपकी आर्थिक हालत कैसी है। अगर वॉट्सऐप और फेसबुक के आकलन में आप अमीर दिखे, तो फिर आपको महंगी गाड़ियों के विज्ञापन दिखने लगेंगे। वट्सऐप ने विकल्प दिया है कि यूजर अपनी लोकेशन एक्सेस डिसेबल कर सकते हैं। हालांकि उसने यह भी कहा है कि आईपी एड्रेस और मोबाइल नंबर से अंदाजा लग जाएगा, आप कब–कहां जाते हैं। फिर वॉट्सऐप यूजर का स्टेटस भी पढ़ेगा। इससे मिली जानकारी का इस्तेमाल भी यूजर्स की प्रोफाइलिंग के लिए किया जाएगा। तो कुल मिलाकर बिना यूजर्स की सहमति लिए वॉट्सऐप ने अपनी पॉलिसी बदल ली है। कह दिया कि इसे मानना है तो ठीक, वरना हमारे प्लैटफॉर्म से जाओ।

## विधायक ने दिव्यांगों को बांटे सहायक उपकरण

लखनऊ। जिला प्रशासन एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की तरफ से विकास खंड परिसर बख्शी का तालाब में शिविर लगाकर दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित किए गए। मुख्य अतिथि विधायक अविनाश त्रिवेदी ने दिव्यांगों को ट्राई साइकिल, बैशाखी, व्हील चेयर, श्रवण यंत्र वितरित करते हुए कुल ७१ लाभार्थियों को लाभान्वित किया। शिविर में खंड विकास अधिकारी पूजा सिंह की कार्यशैली की सराहना करते हुए विधायक ने कहा कि खंड विकास अधिकारी अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा से कर रही हैं। किसी दिव्यांग जन को अगर सहायक उपकरण या दिव्यांग पेंशन जैसी किसी भी प्रकार की कोई समस्या है तो खंड विकास अधिकारी कार्यालय आकर बताए उसकी समस्या का त्वरित समाधान करने की पूरी कोशिश की जाएगी। शिविर समापन के बाद सभी लाभार्थियों को जलपान दिया गया जलपान करने के बाद लाभार्थी खुशी खुशी अपने घरों को लौट गए। शिविर में मुख्य रूप से विधायक अविनाश त्रिवेदी, खंड विकास अधिकारी पूजा सिंह, जिला दिव्यांग जन अधिकारी कमलेश वर्मा, एडीओ पंचायत हरिशंकर यादव, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रामेंद्र सिंह, ग्राम विकास अधिकारी संघ अध्यक्ष आलोक चौधरी, विधायक प्रतिनिधि उमेश सिंह सहित कई गांवों के प्रधान व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



## एयर कनेक्टिविटी से जोड़ने का कार्य तेजी पर किया जा रहा: नंद गोपाल गुप्ता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के नागरिक उड्डयन मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने कहा है कि प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों को एयर कनेक्टिविटी से जोड़ने का कार्य तेजी पर किया जा रहा है। एयर कनेक्टिविटी से जुड़ने के पश्चात उत्तर प्रदेश में बेहतर हवाई सेवाएं लोगों को सुगमता से उपलब्ध हो सकेंगी। उन्होंने बताया कि लखनऊ से २१, वाराणसी से १६, गोरखपुर से ०६, आगरा से ०५, प्रयागराज से ०७, कानपुर नगर से ०३, हिण्डन से ०२ हवाई सेवाएं वर्तमान में उपलब्ध है। मंत्री ने बताया कि बरेली व कुशीनगर एयरपोर्ट उड़ान के लिए तैयार है। १२ एयरपोर्ट का विकास गतिमान है। उन्होंने बताया कि आजमगढ़, अलीगढ़, मुरादाबाद, श्रावस्ती, चित्रकूट, म्योरपुर (सोनभद्र), झांसी में कुल ७ एयरपोर्ट तेजी से विकसित किये जा रहे हैं। अयोध्या में अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट निर्माण के लिए ५०० करोड़ रूपये का प्राविधान किया गया है। गाजीपुर, सहारनपुर (सरसांवा) व मेरठ में भी एयरपोर्ट के विकास का कार्य प्रस्तावित है। प्रदेश सरकार ने एयर कनेक्टिविटी में जितना कार्य किया है, उतना पहले प्रदेश में कभी नहीं हुआ। निर्माणाधीन १२ नये एयरपोर्ट शीघ्र



बनकर तैयार होंगे। प्रदेश के संचालित ८ एयरपोर्ट पर आवश्यक कार्यों, सुधार आदि हेतु धनराशि दी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि गोरखपुर एयरपोर्ट जहां से ०६ स्थलों के लिए उड़ानें संचालित होती हैं, वहां एक नए सिविल इंक्लेव बनाए जाने के लिये कार्यवाही प्रचलित है। कानपुर एयरपोर्ट में नए सिविल इंक्लेव बनाये जाने के लिए सरकार ने लगभग ५० एकड़ भूमि क्रय करके निरूशुल्क रूप में एयरपोर्ट अथारिटी आफ इडिया को उपलब्ध करा जा चुकी है जिस पर निर्माण कार्य कराया जा रहा है जो वर्ष २०२१–२२ में पूर्ण होगा। ३.५२७ हे० सरकारी भूमि के पुनर्ग्रहण के लिए १.७८ करोड़ विद्युत संयोजन विद्युत लाईन को भूमिगत करने के लिए ८.५० करोड़ की मांग के अनुसार वित्तीय स्वीकृति जारी की जा चुकी है। नागरिक उड्यन मंत्री ने अलीगढ़, आजमगढ़, श्रावस्ती, मुरादाबाद, चित्रकूट, सोनभद्र, ललितपुर, अयोध्या, कुशीनगर और जेवर एयरपोर्ट के विषय में बताया कि अलीगढ़, आजमगढ़, श्रावस्ती तथा मुरादाबाद एयरपोर्ट्स में आरसीएसमें चयनित अलीगढ़, आजमगढ़,श्रावस्ती तथा मुरादाबाद एयरपोर्ट्स का नो–फ्रिल्स एयरपोर्ट के रूप में विकास कार्य राज्य सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम लि० के माध्यम से कराया जा रहा है।

## विधान परिषद चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी ने दो प्रत्याशी किए घोषित

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधान परिषद की १२ सीटों पर होने वाले चुनाव के लिए समाजवादी पार्टी ने बुधवार को दो प्रत्याशियों के नाम घोषित कर दिये। पार्टी ने बयान जारी कर इसकी जानकारी दी। पार्टी की ओर से जारी बयान के अनुसार समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश विधान परिषद के लिये अहमद हसन और राजेंद्र चौधरी को प्रत्याशी बनाया है। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश की ४०३ सदस्यों वाली विधानसभा में मौजूदा समय में ४०२ सदस्य हैं जिनमें भारतीय जनता पार्टी के ३१०, समाजवादी पार्टी के ४६, बहुजन समाज पार्टी के १८, अपना दल (सोनेलाल) के नौ, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सात, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के चार, निर्दलीय तीन, राष्ट्रीय लोकदल के एक, निर्बल इंडियन शोषित हमारा अपना दल (निषाद) के एक सदस्य हैं। भाजपा के साथ अपना दल (सोनेलाल) का गठबंधन है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के अनुसार ११ जनवरी से नामांकन पत्र दाखिल करने की शुरू हुई प्रक्रिया १८ जनवरी तक चलेगी और १९ जनवरी को नामांकन पत्रों की जांच होगी। २१ जनवरी को नाम वापसी और २८ जनवरी को मतदान होगा। २८ जनवरी की शाम से ही मतगणना की भी प्रक्रिया शुरू होगी। विधान परिषद की जिन १२ सीटों पर चुनावी प्रक्रिया शुरू हुई है उसके मौजूदा सदस्यों का कार्यकाल ३० जनवरी को पूरा हो रहा है। जिन सदस्यों का कार्यकाल पूरा हो रहा है उनमें विधान परिषद के सभापति रमेश यादव (समाजवादी पार्टी), उप मुख्यमंत्री डाक्टर दिनेश शर्मा (भाजपा) और भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह प्रमुख हैं।

समाजवादी पार्टी

## इलेक्ट्रिक बसों की बंद पड़ी कई सेवाएं बहाल

लखनऊ। इलेक्ट्रिक बसों की बंद पड़ी कई सेवाएं मंगलवार से बहाल कर दी गई। ये बसें छोट–छोटे कलपुर्जो की वजह से लखनऊ के दुबग्गा बस डिपो में खड़ी थी। इन बसों को दुरूस्त कराकर शहर के चार मुख्य मार्गो पर चलेगी। इससे दैनिक यात्रियों को इलेक्ट्रिक बसों को पकड़ने के लिए ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। क्योंकि हर रूटों पर बसों की संख्या बढ़ा दी गई हैं। दुबग्गा डिपो के एआरएम मनोज शर्मा बताते है कि करीब १२ बसें चार रूटों पर बहाल की गई हैं। इससे बसों का आवागमन और तेज होगा। सवारियों को कम समय में बसें



मिलने लगेगी। वर्तमान में लखनऊ क्षेत्र में ४० इलेक्ट्रिक बसें हैं। इनमें से ३६ बसें रोजाना चल रही हैं। इन बसों से रोजाना चार से पांच हजार दैनिक यात्री सफर कर रहे है। रूट नंबर ८०१ ई–आठ बसें, दुबग्गा से भिटौली, मुंशीपुलिया, हाईकोर्ट से विराज खंड तक, रूट नंबर ७०१ ई–, १० बसें, दुबग्गा से तेलीबाग होते हुए पीजीआई परिसर तक,रूट नंबर ३०१ ई–आठ बसें, दुबग्गा से अवध चौराहा, निशातगंज, इंजी. कॉलेज होकर आईआईएम तक, रूट नंबर १००१ ई–१० बसें, दुबग्गा से चारबाग, सिकंदरबाग, १०६० होते हुए गोमतीनगर विराज खंड तक।

# उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ में कार्यकारिणी के सदस्यों का किया गया स्वागत

अद्भुत समाचार नेटवर्क

लखनऊ। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के माल एवेन्यू स्थित कैंप कार्यालय पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री सुशील पांडे जी प्रांतीय महामंत्री श्री उमाशंकर जी एवं प्रांतीय उपाध्यक्ष श्री अर्जुन सिंह जी का माल्यार्पण कर स्वागत किया



प्रांतीय कार्यकारिणी का का स्वागत समारोह जनपद लखनऊ द्वारा किया गया कार्यक्रम में प्रांतीय गया इसके साथ ही प्रांतीय अध्यक्ष जी द्वारा शिक्षकों को संबोधित किया गया तथा जनपद लखनऊ के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह जी को क्रांति संगठन मंत्री बनाने की घोषणा की जनपद लखनऊ से जिला अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौरसिया जिला मंत्री ज्ञान प्रताप सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह काकोरी ब्लाक के अध्यक्ष अब्दुल रऊफ संयुक्त मंत्री सुनील वर्मा गोसाईगंज ब्लक के अध्यक्ष धर्मेंद्र वर्मा मंत्री बृजेश मोरिया वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह मोहनलालगंज के अध्यक्ष अतुल यादव मंत्री महेंद्र सिंह संयुक्त मंत्री सतीश टंडन मलिहाबाद के मंत्री अनिल गौतम के साथ अशोक यादव रत्नेश कुमार वरुण सिंह दिनेश कुमार आशुतोष सिंह सतीश मिश्रा सनी राजपूत नाहर सिंह राजीव रंजन पांडे चंद्रप्रकाश नवीन पांडे गौरव पांडे सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे

# ५० लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ ०२ व्यक्ति गिरफ्तार

मोहम्मद अरशद

मऊ। सायंकाल देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान, थाना दोहरीघाट पुलिस द्वारा मिश्रौली नहर पुलिया के पास से सनोज पुत्र जंगल निवासी सरफोरा थाना मधुबन के कब्जे से ५० लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया गया व थाना मधुबन पुलिस द्वारा राकेश साहनी पुत्र फेंकू निवासी ककराडीह थाना मधुबन के कब्जे से १० लीटर कच्ची शराब बरामद कर गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर उक्त अभियुक्तों के विरुद्ध अर्न्तगत धारा ६० आबकारी अधि० का अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।

# नगर निगम का पटरी दुकानदारों पर बरपाया कहर दुकानदारों में आक्रोश

लखनऊ। शारदा नगर योजना के रजनीखंड प्रियम प्लाजा निकट नगर निगम नाले पर लग रही



अस्थाई रूप से पटरी दुकानदारों पर नगर निगम जोन आठ के प्रवर्तन दल दस्ते के अधिकारियों ने शुक्रवार सुबह पहुंचकर सफाई के नाम पर दर्जनों पटरी दुकानों को नेस्ताबुद कर दिया और दुकानदारों के काउंटर समेत कई सामान गाड़ी में लाद ले गए। नगर निगम के इस मनमाने रवैये से पटरी दुकानदारों में आक्रोश व्याप्त हो गया है।दुकानदारों का कहना है कि नगर निगम ने ही हम पटरी दुकानदारों को प्रमाण पत्र व परिचय पत्र जारी किया है। नगर निगम द्वारा उनके खातों में दस हजार रुपये का कर्ज दिया गया है जिसकी किस्तें वह प्रतिमाह नगर निगम को जमा करते चले आ रहे है। दुकानदारों का आरोप है कि जोन आठ के नगर निगम के अधिकारी राम संजीवन अपने दस्ते संग आये और हम दुकानदारों से अभद्रता करते हुए हमारे दुकानों को उजाड़ दिए साथ ही यह भी हिदायत दिए है कि महीने का सुविधा शुल्क दोगे तभी दुकानें लग पाएंगी। जिसके चलते पटरी दुकानदार आर्थिक रूप से परेशानियों का सामना करने को मजबूर है।

# ६ महीने में ही दहेज लोभियों का शिकार हो गई बेटी

लखनऊ। सुशांत गोल्फ सिटी अंतर्गत एक विवाहिता की हुई थी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत ससुराल वालों ने एक्सीडेंट का रूप देने की की थी कोशिश। मूल रूप से दिल्ली की रहने वाली महिला की शादी आशियाना में रहने वाले अनुराज रिची से हुई थी ६ महीने बाद ही महिला की मौत हो गई। परिवार वालों का आरोप है कि शादी के बाद से ही पति महिला को मारता पीटता था। 'बताया जा रहा है कि जिस वरना कार से वह सुशांत गोल्फ सिटी थाना अंतर्गत शहीद पथ पर जा रही थी वहां एक्सीडेंट बताया गया और वरना कार और पति को खरोच तक नहीं आई और महिला की मौत हो गई परिवार वालों ने सुशांत गोल्फ सिटी में मुकदमा पंजीत कराया है पुलिस पूरें मामले की छानबीन में जुटी है।' पुलिस भी पहले पूरे मामले को एक्सीडेंट बता रही थी काफी समय तक मर्चरी में महिला की डेड बडी पड़ी थी कोई भी पुलिस वाला वहां पर नहीं पहुंचा था इसके बाद ज्यादा हो हल्ला देख पुलिस ने आनन–फानन में तहरीर लेकर मुकदमा पंजीत कर लिया है और पूरे मामले की जांच कर रही है। जनवरी को संदिग्ध परिस्थितियों में हुई थी महिला की मौत।' जून २०२० में दिल्ली निवासी महिला की शादी हुई थी। ६ महीने में ही दहेज लोभियों का शिकार हो गई बेटी। थाना सुशांत गोल्फ सिटी में गंभीर धाराओं में दर्ज हुआ मुकदमा।

## सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वाला शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, प्रयुक्त मोबाईलफोन बरामद

मोहम्मद अरशद

मऊ। सायंकाल देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान थाना कोपागंज पुलिस/क्राइम ब्रांच पुलिस की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा जरिये स्थित ग्राम इंदारा की एक महिला द्वारा फेसबुक पर उसकी अश्लील फोटो अपलोड कर वायरल करने के मामले में थाना कोपागंज में अभियोग पंजीत किया गया था



मुखबिर की सूचना पर बलिया मोड़ के पास से मु०अ०सं० ४०३/१६ धारा ३५४क, ३५४ख, ५०६ भादवि व ६७ आईटी एक्ट में फरार वांछित अभियुक्त राधेश्याम खरवार पुत्र अली खरवार निवासी इंदारा थाना कोपागंज मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया। उल्लेखनीय है कि थाना कोपागंज जिसकी विवेचना क्राइम ब्रांच को दी गई थी तथा उच्चाधिकारी गिरफ्तार करने का निर्देश दिया गया था। फोटो वायरल करने वाले राधेश्याम खरवार पुत्र अली खरवार निवासी इंदारा उम्र ३५ वर्ष को बलिया मोड़ से गिरफ्तार किया गया। जिसके पास से वायरल में प्रयुक्त मोबाइल बरामद किया गया।

# 03 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

मोहम्मद अरशद, मऊ। जनपद के विभिन्न थानों द्वारा क्षेत्र में चेकिंग के दौरान, थाना हलधरपुर पुलिस द्वारा जरिये मुखबिर की सूचना पर धर्मागतपुर भीमराव अम्बेडकर स्कूल के पास से मु०अ०सं० ०५/२१ धारा ३५/ए/८ गोवध निवा० अधि० व मु०अ०सं० ४६१६२० धारा ३८० भादवि में फरार वांछित अभियुक्त राजू सिंह उर्फ भंवर नटी पुत्र मो० सत्तार निवासी नसीराबाद खुर्द व अफजाल पुत्र सुरेन्द्र नट निवासी खोहिया रतनपुरा थाना हलधरपुर, व थाना मधुबन पुलिस द्वारा बनियाबांध तिराहे के पास से मु०अ०सं० ६६६/२० धारा ३६३, ३६६, ३७६ भादवि व ३६४ पोस्को एक्ट में फरार वांछित अभियुक्त पिंटू साहनी पुत्र रामदरश निवासी ककराडीह थाना मधुबन मऊ को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

# चोरी का मोबाइल फोन बरामद

लखनऊ। आशियाना पुलिस ने शुक्रवार सुबह मुखबिर की सूचना पर एक बाल अपचारी व उसके साथी सग गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए शातिर के पास से पुलिस की निशानदेही पर चोरी का एक मोबाइल फोन रेडमी कम्पनी का बरामद किया गया है। पकड़े गए शातिर ने पुलिस पूछताछ में अपना परिचय अमरदीप रावत पुत्र स्व



ने चोरी का मोबाइल फोन बरामद करने के बाद कार्रवाई कर जेल भेज दिया है। आशियाना थाना प्रभारी केशव कुमार तिवारी ने बताया कि शुक्रवार सुबह मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र स्थित रूचि खण्ड से एक बाल अपचारी को उसके साथी सग गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए शातिर जंगली रावत निवासी रूकन्दीपुर राजाजीपुरम थाना तालकटोरा के रूप में दिया है। वहीं आशियाना थाना प्रभारी के मुताबिक बीते तीन जनवरी को मोबाइल फोन चोरी हुआ था जिसका मुकदमा स्थानीय थाने में दर्ज था। वहीं बाल अपचारी वर्ष २०२० में आशियाना थाने से जेल जा चुका है।

# राजीव गांधी अस्पताल पहुंचेंगे 20 हजार कोविड वैक्सीन की डोज

नई दिल्ली। कोविशील्ड लेने के बाद राजीव गांधी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल (आरजीएसएसएच) को अब भारत बायोटेक की कोविड वैक्सीन की २० हजार डोज और मिलेंगे। अधिकारियों ने बताया कि इस वैक्सीन की एक खेप आज सुबह इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआईए) पर पहुंच गई। उन्होंने कहा कि दोपहर १ बजे तक वैक्सीन डोज के अस्पताल में पहुंचने की उम्मीद है। यह राष्ट्रीय राजधानी में वैक्सीन का भंडारण करने वाली एकमात्र जगह है। आरजीएसएसएच के निदेशक बीएल शेरवाल ने कहा, हमें बताया गया है कि इस खेप से हमें २० हजार डोज मिलेंगे। भारत बायोटेक के कोवैक्सीन की पहली खेप को हैदराबाद से आईजीआईए एविया




एयर इंडिया की फ्लाइट एआई५५६ से लाया गया है। आईजीआईए के अधिकारियों ने बताया कि यह फ्लाइट सुबह करीब ६ बजे दिल्ली में लैंड हुई। भारत बायोटेक का लक्ष्य शुरूआती चरण में दिल्ली, बेंगलुरु, लखनऊ, चेन्नई और जयपुर सहित ११ राज्यों में लगभग ५५ लाख टीके देने की है। आरजीएसएसएच को कल कोविड वैक्सीन के २.६४ लाख डोज पहले ही मिल चुके हैं। अस्पताल को कोविशिल्ड की २६,४०० शीशियों वाले २२ बक्स मिले हैं। यह सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) की कोविड वैक्सीन है। अस्पताल की प्रवक्ता छवि गुप्ता ने बताया, यहां वैक्सीन के कुल २२ बॉक्स मिले हैं। प्रत्येक बॉक्स में १,२०० शीशियां हैं और प्रत्येक शीशी में १० डोज हैं।

# उत्तर प्रदेश में महिला सुरक्षा के नाम पर जमीन पर कुछ नहीं: प्रियंका गांधी

नई दिल्ली। कांग्रेस की उत्तर प्रदेश की प्रभारी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि राज्य में महिला सुरक्षा के नाम पर डंका तो खूब पीटा जा रहा है लेकिन जमीन पर कुछ नहीं है और प्रदेश में महिलाएं बहुत असुरक्षित है। श्रीमती वाड्रा ने आज फेसबुक पर जारी पोस्ट में कहा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री जी के गृहक्षेत्र से आई खबर पढ़कर आपको अंदाजा लगेगा कि जिस सिस्टम ने अभी कुछ दिन पहले ही महिलाओं की सुरक्षा को लेकर चलाए गए 'मिशन शक्ति' के नाम पर झूठे प्रचार में करोड़ों रुपए बहा दिए, वह सिस्टम जमीनी स्तर पर महिलाओं की सुरक्षा को लेकर इस कदर उपेक्षित रवैया अपनाए हुए है। उन्होंने कहा कि इस खबर के अनुसार गोरखपुर में पिछले दिनों १२ से अधिक लड़कियों की मौत के मामले आए। इन अपराधों में सजा दिलाना तो दूर की बात है कुछ मामलों में पुलिस मृतक लड़कियों की पहचान भी नहीं कर पायी। कांग्रेस महासचिव ने कहा, उत्तर प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ हर दिन औसतन १६५ अपराध के मामले सामने आते हैं। पिछले दिनों ऐसे सैंकड़ों मामले सामने आए जिनमें या तो प्रशासन ने पीड़ित पक्ष की बात नहीं सुनी या फरियादी महिला से ही बदतमीजी कर दी।

# भाजपा सरकार की नीतियों युवा शक्ति आक्रोशित : अखिलेश

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर निशाना साधा और कहा कि प्रदेश में युवा शक्ति भाजपा सरकार की नीतियों से काफी आक्रोशित है। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने आज ट्वीट कर लिखा कि, युवा घेरा कार्यक्रम की अपार सफलता ने दिखा दिया है कि प्रदेश में युवा शक्ति भाजपा सरकार की नीतियों से कितनी आक्रोशित है। प्रदेश का युवा सत्ता के बदलाव के लिए एकजुट हो चुका



है। ज्ञात हो कि समाजवादी पार्टी ने कल भारतीय जनता पार्टी सरकार की नीतियों के खिलाफ राजधानी लखनऊ समेत प्रदेश के सभी जिलों में समाजवादी युवा घेरा कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें युवाओं के लिए घटते रोजगार के अवसर, बढ़ती बेरोजगारी, महंगी शिक्षा, छात्र संघों के चुनावों पर रोक, अनलाइन शिक्षा की दिक्कतें, छात्रों पर फर्जी आपराधिक मुकदमों के साथ बदहाल कानून व्यवस्था पर चिंता जताई है।

# उत्तर प्रदेश कड़ाके की ठंड का कर रहा सामना

लखनऊ। उत्तर प्रदेश कड़ाके की ठंड का सामना कर रहा है। राज्य के अधिसंख्य इलाकों में सुबह दस बजे तक पारा १० से १३ डिग्री सेल्सियस के बीच मापा गया वहीं घने कोहरे और गलन के बीच हवा की गुणवत्ता खतरनाक स्तर तक पहुंच चुकी है। मुजफ्फरनगर ,आगरा, मेरठ, बलिया, लखनऊ, प्रयागराज, बाराबंकी, बलिया, कानपुर और बरेली समेत लगभग समूचे राज्य में गलन और शीतलहर के चलते पर्वतीय इलाकों जैसा नजारा देखने को मिल रहा है। कोहरे और धुंध के चलते सड़क यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ है वहीं रेल और हवाई यातायात पर भी मौसम का प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। मौसम विभाग के अनुसार ठंड के तेवरों में फिलहाल नरमी के कोई आसार नहीं है। अगले २४ घंटे में राज्य में मौसम आमतौर पर शुष्क रहने का अनुमान है। इस दौरान पश्चिम के कुछ स्थानो पर कोल्ड डे के हालात बन सकते हैं। इस दौरान ज्यादातर इलाकों में न्यूनतम तापमान छह से आठ डिग्री सेल्सियस और अधिकतम २१ से २३ डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। आमतौर पर नौ बजे से खुलने वाले बाजार ठंड के चलते दस बजे के बाद भी सूने पड़े थे वहीं सरकारी और निजी कार्यालयों में उपस्थिति पर भी फर्क देखा गया। लोगबाग ठंड के चलते दस से १५ मिनट की देरी से दफ्तर में दाखिल हुये और हीटर या वार्मर के सामने खड़े होकर खुद को काम करने लायक बनाया। ठिठुरन के चलते सड़कों पर जगह जगह अलाव देखे जा रहे है जहां लोगों के साथ पशु भी ठंड दूर करते दिखायी पड़े। सुबह साढ़े दस बजे तक कई स्थानों पर सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुये थे। कक्षा नौ से १२ तक के स्कूलों के खुलने के बावजूद आज भी छात्रों की संख्या लगभग नगण्य रही। मौसम विभाग के



अनुसार राज्य के ज्यादातर क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) १६० से ऊपर मापा गया जो श्वांस और हृदयरोगियों के लिये खासा नुकसानदेह माना गया है। चिकित्सकों ने सलाह दी है कि खासकर बुजुर्ग और मरीज ठंड में बाहर निकलने से परहेज करें और यदि धूप भी सेकनी है तो सर और पांव को गर्म कपड़ों से ढक कर रखे। कोरोना संक्रमण के चलते सड़क पर निकलने से पहले मास्क का उपयोग जरूर करें। बंद कमरे में अंगीठी और अन्य ज्वलनशील पदार्थ का उपयोग कतई न करें जिनसे निकलने वाली विषैली गैस स्वास्थ्य के लिये हानिप्रद हो सकती हैं।

# उत्तर प्रदेश के मुखिया के गृह जिले में ही महिलायें उपेक्षा का सामना कर रही : प्रियंका

लखनऊ। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधते हुये आरोप लगाया है कि मिशन शक्ति के प्रचार के नाम पर करोड़ों रूपये बहाने वाली सरकार के मुखिया के गृह जिले में ही महिलायें उपेक्षा का सामना कर रही हैं। वाड्रा ने बुधवार को फेसबुक पोस्ट के जरिये मीडिया रिपोर्ट का हवाला देते हुये कहा ”यूपी के मुख्यमंत्री के गृहक्षेत्र से आई खबर पढ़कर आपको अंदाजा लगेगा कि जिस सिस्टम ने अभी कुछ दिनों ही पहले महिलाओं की सुरक्षा को लेकर चलाए गए 'मिशन शक्ति' के नाम पर झूठे प्रचार में करोड़ों रुपए बहा दिए, वो सिस्टम जमीनी स्तर पर महिलाओं की सुरक्षा को लेकर इस कदर उपेक्षित रवैया अपनाए हुए है। इस खबर के अनुसार गोरखपुर में पिछले दिनों १२ से अधिक लड़कियों की मौत के मामले आए। इन अपराधों में सजा दिलाना तो दूर कुछ मामलों में पुलिस मृत लड़कियों की पहचान तक नहीं कर पाई। उन्होने लिखा ” उत्तर प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ हर दिन औसतन १६५ अपराध होने के मामले होते हैं। पिछले दिनों ऐसे सैंकड़ों मामले सामने आए जिनमें या तो प्रशासन ने पीड़ित पक्ष की बात नहीं सुनी या फरियादी महिला से ही बदतमीजी कर दी। क्या आप सोच सकते हैं कि जो सरकार महिला सुरक्षा के नाम पर अपनी पीठ थपथपाने के लिए करोड़ों रुपए के विज्ञापन देती हो उस सरकार के थानों में जब महिला शिकायत लेकर पहुंचती है तो थाने में उस पर भद्दी टिप्पणियां की जाती हों और उसके प्रति संवेदना करने के बजाए उसका निरादर किया जाता है।” कांग्रेसी नेता ने कहा कि महिला सुरक्षा को लेकर हाथरस, उन्नाव एवं बदायूं जैसी घटनाओं में यूपी सरकार के व्यवहार को पूरे देश ने देखा। महिला सुरक्षा की बेसिक समझ है कि महिला की आवाज सर्वप्रथम है मगर यूपी सरकार ने बार–बार ठीक इसके उलट काम किया। इससे यह स्पष्ट है कि उनके लिए ”बेटी बचाओ” और ”मिशन शक्ति” सिर्फ खोखले नारे हैं। महिलाओं की आवाज और उनकी आपबीती को लेकर महिलाओं के प्रति सरकार को अपना व्यवहार बदलना पड़ेगा और महिलाओं के साथ संवेदनशीलता दिखानी पड़ेगी। जब कोई पीड़ित महिला या उसका परिवार आवाज उठाए और सत्ताधारी दल के लोग उस महिला व उसके परिवार पर ही भद्दी टिप्पणियां करने लगें तो इससे घृणित कोई और कार्य नहीं है। उन्होने कहा कि महिला सुरक्षा को सुनिश्चित करने की प्राथमिक शर्त है कि महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराधों को सामने लाना। और इसके लिए महिलाओं की आवाज को आदर से सुनना होगा।

# चोरी की बैटरी व जेवरात के साथ 03 अभियुक्त गिरफ्तार

मोहम्मद अरशद मऊ। अधीक्षक मऊ श्री सुशील घुले के निर्देशन में अपराधध्अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में–' थाना सरायलखंसी पुलिस द्वारा आज दिनांक १०.०१.२०२१ को देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर परदहां तिराहा तहसील रोड के पास से मु०अ०सं० १६६ २१ धारा ४५७,३८० भादवि से सम्बन्धित अभियुक्तों क्रमशः मो० सालिम व मो० कासिम पुत्रगण सफी अहमद निवासीगण घासीपुरा थाना कोतवाली मऊ एवं सीपू सिंह उर्फ नंदकिशोर पुत्र ृष्णा सिंह निवासी हरदासपुर थाना दुल्लहपुर जनपद गाजीपुर के कब्जे से चोरी की ०२ अदद बैटरी व एक जोड़ी छागल व ६५० रुपये बरामद कर गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में उक्त अभियोग में धारा ४११ भादवि की बढोत्तरी कर अभियुक्तों का चालान न्यायालय किया गया।

# अद्भुत कहानी : मकर संक्रांति की कहानी

**अमरेन्द्र सहाय अमर**


हमारे देश में प्रायः और अक्सर कोई ना कोई त्यौहार मनाया जाता है. प्रत्येक त्यौहार सिर्फ एक परंपरा नहीं है परंतु उन्हें मनाए जाने का प्रामाणिक वैज्ञानिक कारण भी उपलब्ध है. वर्ष के पहले महीने जनवरी में मकर सक्रांति का उत्सव मनाया जाता है. यह त्यौहार भारतवर्ष के विभिन्न राज्यों में अलग–अलग नामों से अलग–अलग तरीकों से मनाया जाता है. जैसे बिहार और उत्तर प्रदेश में खिचड़ी पंजाब में लोहड़ी दूसरे प्रदेशो में पिहू और पोंगल. पौष माह में जब सूर्य देव धनु राशि को छोड़कर मकर राशि में प्रवेश करते हैं. तब हिंदू धर्म का यह पर्व मकर सक्रांति के रूप मनाया जाता है. मकर संक्रांति के दिन सूर्य अपनी उत्तरायणी गति प्रारंभ करता है. इसलिए इस पर वह को उत्तरायणी पर्व भी कहा जाता है. भगवान शनिदेव मकर राशि के स्वामी हैं और इस दिन सूर्य मकर राशि में प्रवेश करते हैं इस दिन जप, तप, ध्यान और धार्मिक क्रियाकलापों का अधिक महत्व होता हैं. इसे फसल उत्सव भी कहा जाता हैं. इस दिन से पहले सूर्य पृथ्वी के दक्षिणी गोलार्ध पर सीधी किरणें डालता है. जिसके कारण उत्तरी गोलार्ध में रात्रि बड़ी और दिन छोटा होता है. इसी वजह से ठंड का मौसम भी रहता है. इसी दिन से सूर्य पृथ्वी के उत्तरी गोलार्ध की ओर बढ़ना शुरू होता है. जिसके कारण मौसम में परिवर्तन होता है और यह कृषकों की फसलों के लिए फायदेमंद होता है. जैसा कि हम सभी जानते हैं भारत पृथ्वी के उत्तरी गोलार्द्ध पर स्थित हैं. महाभारत युद्ध के महान योद्धा और कौरवों की सेना के सेनापति भीष्म पितामह को इच्छा मृत्यु का वरदान प्राप्त था. अर्जुन के बाण लगाने के बाद उन्होंने इस दिन की महत्ता को जानते हुए अपनी मृत्यु के लिए इस दिन को निर्धारित किया था. भीष्म जानते थे कि सूर्य दक्षिणायन होने पर व्यक्ति को मोक्ष प्राप्त नहीं होता और उसे इस मृत्युलोक में पुनः जन्म लेना पड़ता हैं. महाभारत युद्ध के बाद जब सूर्य उत्तरायण हुआ तभी भीष्म पितामह ने प्राण त्याग दिए. भीष्म के निर्वाण दिवस को भीष्माष्टमी भी कहते हैं.एक ६ ाार्मिक मान्यता के अनुसार सक्रांति के दिन ही माँ गंगा स्वर्ग के अवतरित होकर राजा भागीरथ के पीछे–पीछे कपिल मुनि के आश्रम से होती हुई गंगासागर तक पहुँची थी. धरती पर अवतरित होने के बाद राजा भागीरथ ने गंगा के पावन जल से अपने पूर्वजों का तर्पण किया था. इस दिन पर गंगा सागर पर नदी के किनारे भव्य मेले का आयोजन किया जाता हैं. यह भी कहा जाता हैं कि माता यशोदा ने संतान प्राप्ति के लिए ही इसी दिन व्रत रखा था. इस दिन महिलाएं तिल, गुड आदि दूसरी महिलाओं को बाँटती हैं. ऐसा माना जाता हैं कि तिल की उत्पत्ति भगवान् विष्णु से हुई थी. इसलिये इसका प्रयोग पापों से मुक्त करता हैं. तिल के उपयोग से शरीर निरोगी रहता है और शरीर में गर्मी का संचार रहता हैं.भारत में फसलों का मौसम और मकर संक्रांति का त्यौहार बहुत उत्साह और खुशी के साथ मनाया जाता है. भारतीय आबादी का एक बड़ा हिस्सा किसानों का है. इसलिए, देश के अन्य हिस्सों संक्रांति अलग–अलग तरीके से मनाई जाती हैं. तमिलनाडु में मनाया जाने वाला थाई पोंगल, भगवान इंद्र को श्रद्धांजलि देने के लिए चार दिनों का उत्सव है. यह त्यौहार भगवान इंद्र को भरपूर बारिश के लिए धन्यवाद देने का एक माध्यम है और इसलिए उपजाऊ भूमि और अच्छी उपज की कामना स्वरुप यह मनाई जाती हैं. थाई पोंगल समारोह भगवान सूर्य और भगवान इंद्र के लिए किए गए प्रसाद के बिना अधूरा है. थाई पोंगल के दूसरे दिन, ताजा पका हुआ चावल दूध में उबाला जाता है और इसे भगवान सूर्य को अर्पित किया जाता है. तीसरे दिन, मट्टू पोंगल 'बसवा'– भगवान शिव के बैल को घंटियों, फूलों की माला, माला और पेंट के साथ सजाकर पूजा की जाती है. पोंगल के चौथे दिन, कन्नुम पोंगल मनाया जाता है जिसमें घर की सभी महिलाएँ एक साथ विभिन्न अनुष्ठान करती हैं.इसे "बैसाखी" भी कहा जाता है, पंजाब में यह बहुत उत्साह के साथ मनाया जाने वाला एक फसल त्यौहार है. यह वसंत ऋतु के अनुरूप पंजाबी नववर्ष को भी चिह्नित करता है. यह त्यौहार एक दूसरे को स्वीकार करने और अच्छी फसल की कामना के लिए देवताओं को अर्पित करके के साथ मनाया जाता है. इसी दिन, १३ अप्रैल १६६६ को दसवें गुरु गोविंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की थी. सिख इस त्योहार को सामूहिक जन्मदिवस के रूप में मनाते हैं. गुजरात राज्य में मकर संक्रांति को उत्तरायण नाम से जाना जाता हैं. इसे विशेष रूप से गुजरात में अच्छी फसल के मौसम की शुरुआत के प्रतीक स्वरूप माना जाता हैं. इस त्यौहार पर पतंग उड़ाने, गुड़ और मूंगफली की चिक्की का दावत के रूप में लुफ्त उठाया जाता है. विशेष मसालों के साथ भुनी हुई सब्जी उत्तरायण के अवसर का मुख्य व्यंजन है. भोगली या माघ बिहू असम का एक सप्ताह लंबा फसल त्यौहार है. यह पूह महीने के २६ वें दिन से शुरू होता है, जो १३ जनवरी को पड़ता है और लगभग एक सप्ताह तक चलता है. इस त्यौहार पर लोग हरे बांस और घास के साथ बनी विशेष संरचना "मेजी" का निर्माण करते हैं और जलाते हैं. इस त्यौहार पर चावल के केक की दावत मुख्य व्यंजन होता है जिसे 'शुंग पिठा', 'तिल पिठा' और नारियल की मिठाइयों को 'लारू' कहा जाता है. असम के मूल निवासी टेकेली भोंगा जैसे खेलों का आयोजन करते हैं, जिसमें पॉट ब्रेकिंग और भैंस की लड़ाई शामिल है. इस तरह यह कहा जाता है कि नये साल के शुरुआत का यह पहला पर्व बड़े धूमधाम से अलग अलग राज्यों में बड़े उत्साह से मनाया जाता है।






# टेक्नो ने भारत में किया धमाकेदार अंदाज में 2021 48एमपी डुअल सेल्फी कैमरा वाला नया स्मार्टफोन लॉन्च


नई दिल्ली। ट्रांसन होल्डिंग्स के ग्लोबल प्रीमियम स्मार्टफोन ब्रांड टेक्नो, जिसने वर्ष २०२० में एक मजबूत वृद्धि देखी, ने धमाकेदार अंदाज में २०२१ की शुरुआत की है। यह अपने लोकप्रिय कैमरा–सेंट्रिक कैमोन स्मार्टफोन सीरीज से सीधे अब टेक्नो कैमोन १६ प्रीमियर लेकर आया है, एक ऐसा स्मार्टफोन जो शानदार प्रीमियम कैमरा क्षमताओं के साथ अपनी श्रेणी में गेम–चेंजर माना जा रहा है। १६,६६६ रुपये में कीमत वाला, टेक्नो कैमोन १६ प्रीमियर ८ जीबी रैम और १२८ जीबी इंटरनल स्टोरेज के साथ ग्लेशियर सिल्वर रंग में उपलब्ध है। कंपनी ने आज एक बयान में कहा कि भारत में ऑफलाइन रिटेल आउटलेट्स पर शुरू होगी। कैमोन १६ प्रीमियर अपने कैटेगरी



इसकी बिक्री १६ जनवरी से फ्लिपकार्ट के साथ–साथ पूरे कंज्यूमर्स के स्मार्टफोन वीडियोग्राफी के अनुभव को बदलने के लिए तैयार है। जबकि पिछले साल, टेक्नो के कैमोन स्मार्टफोन ने हायर कैमरा पिक्सल, प्रीमियम एआई पावर्ड अल्ट्रा नाइट लेंस और पॉप–अप कैमरों के युग की शुरुआत करके फोटोग्राफी के खेल को बदल दिया, कौमोन १६ प्रीमियर ने प्रीमियम स्मार्टफोन विडियोग्राफी में ट्रांजिशन की शुरुआत की है। टेक्नो कैमोन १६ प्रीमियर में कई सेगमेंट–फर्स्ट स्मार्टफोन कैमरा इनोवेशन जैसे कि ६४एमपी क्वाड कैमरा और ४८एमपी प्लस ८ एमपी डुअल फ्रंट सेल्फी कैमरा, दोनों ही तरह के स्मार्टफोन इनोवेशन पेश किए गए हैं। नए जमाने का यह स्मार्टफोन दुनिया के सबसे खास ट्रेडमार्क टाइवोस (टेक्नो एआई विजन ऑप्टिमाइ जेशन सल्यूशन) तकनीक द्वारा संचालित सोनी आईएमएक्स ६८६ आरजीबी सेंसर और सुपर नाइट २.० को सपोर्ट करता है। ६४एमपी सेंसर ११६ डिग्री सुपर वाइड फोटो और मैक्रो शॉट्स के लिए ८एमपी लेंस, अंधेरे में स्पष्ट वीडियो शूट करने के लिए २ एमपी पोलर नाइट वीडियो सेंसर और २एमपी बोकेह लेंस के साथ आता है।

# वायु सेना को मिलेंगे ८३ तेजस विमान

नई दिल्ली। चीन के साथ सीमा पर कई महीनों से चल रहे गतिरोध और पाकिस्तान के साथ तनाव के बीच भारत सरकार ने वायु सेना को मजबूत करने के लिए बड़ा फैसला किया है। केंद्र सरकार ने वायु सेना को मजबूत करने के लिए ८३ तेजस लड़ाकू विमान खरीदने की मंजूरी दे दी है। इसमें ७३ हल्के लड़ाकू विमान हैं और १० एमके–१ए ट्रेनर विमान हैं। इस पर ४८ हजार करोड़ रुपए खर्च होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई सुरक्षा मामलों की कैबिनेट कमेटी की बैठक में यह फैसला किया गया है। ये सभी लड़ाकू विमान हिंदुस्तान एयरोनटिक्स लिमिटिड, एचएएल तैयार करेगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी देते हुए लिखा– ये सौदा देश के लिए गेम चेंजर साबित होगी। रक्षा के क्षेत्र में मैन्युफैक्चरिंग को मजबूती मिलेगी। लाइट



कम्बैट एयरक्राफ्ट, एलसीए १ए तेजस फाइटर तैयार करने के लिए एचएएल ने नासिक और बेंगलुरू में सेटअप तैयार कर लिया है। रक्षा मंत्री ने बताया– एलसीए तेजस के एमके१ए वैरिएंट में ५० की बजाय ६० फीसदी स्वदेशी उपकरण और तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि एलसीए तेजस भारतीय वायु सेना का मजबूत आधार बनने जा रही है। इससे वायु सेना की मौजूदा ताकत में बड़ा इजाफा होगा। हल्का लड़ाकू विमान तेजस, महत्वपूर्ण सैन्य अभियानों की क्षमता के लिए इलेक्ट्रानिक रूप से स्कैन रडार, बियांड विजुल रेंज यानी बीवीआर मिसाइल, इलेक्ट्रानिक वारफेयर सुइट और हवा में ही रिफ्यूलिंग जैसी सुविधाओं से सज्जित किया गया है। यह फिलहाल यह ५० फीसदी देशी है, जिसे बढ़ा कर ६० फीसदी करने की बात रक्षा मंत्री ने की है। बहरहाल, एचएएल को मिले इस आर्डर से आत्मनिर्भर अभियान को गति मिलेगी।

# भारतीय शेयर बाजार में तेजी का सिलसिला जारी सेंसेक्स ४९,७०० के ऊपर

मुंबई। भारतीय शेयर बाजार में बुधवार को भी तेजी का सिलसिला जारी है। प्रमुख संवेदी सूचकांकों ने फिर नई उंचाई को छुआ। सेंसेक्स २५० से ज्यादा अंकों की तेजी के साथ ४६,७७६ तक उछला जो कि अब तक का रिकर्ड उंचा स्तर है। निफ्टी भी १४,६४५ के उपर तक चढ़ा जोकि एक नई उंचाई है। बुधवार सुबह ६.२६ बजे सेंसेक्स बीते सत्र से १८३.१० अंकों यानी ०.३७ फीसदी की तेजी के साथ ४६,७००.२१ पर कारोबार कर रहा था और निफ्टी भी बीते सत्र से ६३.४० अंकों यानी ०.४४ फीसदी की तेजी के साथ १४,६२६.८५ पर बना हुआ था। बंबई स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के ३० शेयरों पर आधारित प्रमुख संवेदी सूचकांक सेंसेक्स पिछले सत्र से २४६.८२ अंकों की तेजी के साथ ४६,७६३.६३ पर खुला और आरंभिक कारोबार के दौरान ४६,७७६.२६ तक उछला जबकि इस दौरान सेंसेक्स का निचला स्तर ४६,६७६.११ रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के ५० शेयरों पर आधारित प्रमुख संवेदी सूचकांक निफ्टी पिछले सत्र से ७६.३५ अंकों की



तेजी के साथ १४,६३६.८० पर खुला और १४,६४५.८० तक चढ़ा जबकि निचला स्तर १४,६१७.६५ रहा। विदेशी बाजारों से मिले मजबूत संकेतों और देश में शुरू होने जा रहे कोरोना टीकाकरण कार्यक्रम से घरेलू शेयर बाजार में सकारात्मक माहौल बना हुआ है और प्रमुख संवेदी सूचकांक रोज नई उंचाई को छू रहे हैं।

# पेट्रोल और डीजल के दाम में बढ़ोतरी

नयी दिल्ली। सरकारी तेल विपणन कंपनियों ने पांच दिन की शांति के बाद बुधवार को पेट्रोल और डीजल के दाम में बढ़ोतरी की जिससे वाणिज्यिक नगरी मुंबई में पेट्रोल का दाम ६१ रुपये प्रति लीटर के पार निकल गया और यहां रिकार्ड भाव से मात्र २७ पैसे नीचे है। मुंबई में आज पेट्रोल ६१.०७ रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गया है जो चार अक्टूबर २०१८ के रिकार्ड भाव ६१.३४ रुपये से मात्र २७ पैसे कम है। तेल कंपनियों ने २६ दिन तक कीमतें स्थिर रहने के बाद दोनों ईंधन के दामों में ०६ और ०७ जनवरी को बढ़ोत्तरी की थी और इसके बाद पांच दिन कीमतें स्थिर थी। छह और सात जनवरी को पेट्रोल के भाव में कुल ४६ पैसे प्रति जबकि डीजल ५१ पैसे महंगा हुआ था। बुधवार को राजधानी में पेट्रोल और डीजल के भाव में २५ ..२५ पैसे प्रति लीटर बढ़ोतरी हुई है। इसके बाद आज दिल्ली में पेट्रोल नये रिकार्ड स्तर ८४.४५ रुपये पर पहुंच गया। डीजल ७४.६३ रुपये प्रति लीटर हो गया। सात जनवरी को दिल्ली में




पेट्रोल की कीमत रिकार्ड ८४.२० रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गई थी। इससे पहले ४ अक्टूबर २०१८ को राजधानी में पेट्रोल के दाम ८४ रुपये प्रति लीटर के रिकार्ड स्तर पर रहे थे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में नये वर्ष में कच्चे तेल के दाम में मजबूती का रूख है। तेल निर्यातक देशों का संगठन (ओपेक) मार्च में भी उत्पादन कटौती जारी रखने पर सहमत हो गया है जिससे कीमतों को बल मिला है। आज दिल्ली में पेट्रोल ८४.४५ रुपये और डीजल ७४.६३ रुपये प्रति लीटर पर तथा मुंबई में पेट्रोल ६१.०७ रुपये लीटर और डीजल ८१.३४ रुपये लीटर तक पहुंच गया है. इसी प्रकार कोलकाता में ८५.६२ पेट्रोल रुपये और डीजल ७८.२२ रुपये लीटर तथा चेन्नई में पेट्रोल ८७.१८ रुपये और डीजल ७६.६५ रुपये लीटर तक पहुंच गया है. आज देश के चार बड़े महानगरों में पेट्रोल–डीजल के दाम इस प्रकार रहे। पेट्रोल डीजल–दिल्ली ८४.४५ ७४.६३, मुंबई ६१.०७ ८१.३४, चेन्नई ८७.१८ ७६.६५, कोलकाता ८५.६२ ७८.२२...।

# छेड़खानी के आरोप में कलेज के चेयरमैन पूर्व विधायक की पिटाई

**थाना चौबेपुर के भगतुवा क्षेत्र की घटना.**

वाराणसी। वाराणसी में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के तीन बार विधायक रहे मायाशंकर पाठक की पिटाई का एक वीडियो वायरल होते ही सुर्खियां बटोरने लगे.




बताया जा रहा है कि विधायक पर छेड़खानी का आरोप है, जिसके चलते चौबेपुर क्षेत्र के भगतुआ स्थित उनके कलेज में कुछ लोगों ने पिटाई कर दी. रविवार को फेसबुक पर पूर्व विधायक की पिटाई का वीडियो वायरल हुआ तो हड़कंप मच गया। पिटाई के वीडियो को उत्तर प्रदेश के सीनियर आईपीएस अफसर अमिताभ ठाकुर ने ट्वीट कर वाराणसी पुलिस से पूर्व विधायक पर कार्रवाई की मांग की है. पुलिस की ओर से कहा गया है कि प्रकरण की जांच चौबेपुर थाने की पुलिस को सौंपी गई है. फेसबुक और सोशल मीडिया के अन्य प्लेटफॉर्म पर वायरल वीडियो के अनुसार, पूर्व विधायक पर उसी के कॉलेज की छात्रा के साथ छेड़खानी का आरोप लगा कर शनिवार को कुछ लोग गाली– गलौज करते हुए थप्पड़ मार रहे थे. वीडियो में पूर्व विधायक अपनी गलती भी स्वीकार कर रहा है. उधर, इस संबंध में क्षेत्राधिकारी पिंडरा अभिषेक कुमार पांडेय ने बताया कि सोशल मीडिया में वायरल वीडियो की जानकारी मिली है। वीडियो की जांच कराई जा रही है.

# इस साल नहीं छपेगा बजट दस्तावेज

नई दिल्ली। कोरोना वायरस की महामारी का असर सिर्फ संसद के सत्र पर ही नहीं है, बल्कि बजट के दस्तावेजों पर भी है। वायरस की वजह से वित्त वर्ष २०२०–२१ के बजट दस्तावेज नहीं छापे जाएंगे। केंद्र सरकार को इसके लिए लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति की मंजूरी मिल गई है। सरकार ने तय किया है कि सभी संसद सदस्यों को इस बार बजट के दस्तावेजों की सॉफ्ट कॉपी मुहैया कराई जाएगी। गौरतलब है कि केंद्रीय बजट की छपाई हर साल वित्त मंत्रालय की प्रिंटिंग प्रेस में होती रही है। वित्त मंत्रालय का कहना था कि बजट के दस्तावेजों की छपाई के लिए एक सौ से ज्यादा लोगों को दो हफ्ते तक एक ही जगह रखना होता है। कोरोना वायरस के संक्रमण को देखते हुए सरकार इतने लोगों को इतने लंबे समय तक प्रिंटिंग प्रेस में नहीं रख सकती। इसी वजह से इस साल केंद्र सरकार के सूचना व प्रसारण मंत्रालय की ओर से छपने वाली डायरी और कैलेंडर का भी प्रकाशन नहीं हुआ है। बहरहाल, बजट दस्तावेजों की सॉफ्ट कॉपी के लिए सांसदों को मनाने में लोकसभा अध्यक्ष और उप सभापति को काफी मशक्कत करनी पड़ी। बताया जा रहा है कि बजट के दस्तावेजों को लेकर दो विकल्प रखे गए थे। सभी सांसदों को सॉफ्ट कॉपी दी जाए या किसी को नहीं। क्योंकि थोड़े से लोगों के लिए सीमित संख्या में कपी छापना मुमकिन नहीं था।

# हिंसा की आशंका में वाशिंगटन में इमरजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडेन की शपथ से पहले हिंसा की आशंका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने राजधानी वाशिंगटन में इमरजेंसी लगाने का आदेश दिया है। गौरतलब है कि छह जनवरी को अमेरिकी संसद पर ट्रंप समर्थकों ने हमला कर दिया था। ट्रंप पर अपने समर्थकों को उकसाने का आरोप लगा था और इसलिए उनके खिलाफ महाभियोग की कार्रवाई चल रही है। बहरहाल, राजधानी में जारी तनाव के बीच राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जो बाइडन के उद्घाटन कार्यक्रम तक देश की राजधानी वाशिंगटन डीसी में इमरजेंसी को मंजूरी दी है। सोमवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ऐलान किया कि कोलंबिया जिले में एक आपात स्थिति मौजूद है। व्हाइट हाउस के प्रेस सचिव कार्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि ५६वें राष्ट्रपति उद्घाटन कार्यक्रम को देखते हुए ११ जनवरी से २४ जनवरी तक इमरजेंसी की स्थिति रहेगी। इसे देखते हुए रविवार को वाशिंगटन डीसी के मेयर म्यूरियल बोउसर ने १५ दिनों के लिए इमरजेंसी की घोषणा की थी। मेयर ने कहा कि बाइडन के उद्घाटन के दौरान वाशिंगटन में हिंसा की आशंका की वजह से आपातकाल की घोषणा की गई है। व्हाइट हाउस को भेजे पत्र में कहा गया है कि छह जनवरी को कैपिटल में हुई हिंसा के बाद यह संकेत मिले हैं कि हिंसा आगे भी जारी रह सकती है। इसमें २४ जनवरी तक डीसी नेशनल गार्ड की मदद देने का अनुरोध किया गया है। ट्रंप ने इसे मंजूरी दे दी है।

# खनन कार्यों की निगरानी के लिए पीटी जेड कैमरे लगाने के निर्देश

लखनऊ। निदेशक भूतत्व व खनिकर्म विभाग उत्तर प्रदेश डा. रोशन जैकब ने कानपुर नगर के कटरी लोढ़वा व कटरी सुनरवा मे खनन कार्य का औचक निरीक्षण किया। खनन कार्यों की निगरानी के लिए पीटी जेड कैमरे लगाने के निर्देश दिये निरीक्षण रिपोर्ट में बताया गया है कि ग्राम कटरी सुनरवा के गाटा सं-२ में स्वीकृत खनन पट्टे के बाउण्ड्री पिलर के कोआर्डिनेट का सही चिन्हांकन न होने से क्षेत्र में हो रहे खनन की स्थिति का सही आंकलन नहीं हो पा रहा है, जिससे भ्रम की स्थिति बनी हुई है। बाउण्ड्री पिलर के कोआर्डिनेट का सही चिन्हांकन कराये जाने व क्षेत्र की विस्तृत पैमाइश के लिए सुभाष रंजन खान अधिकारी,मुख्यालय वेद प्रकाश शुक्ला, सर्वेक्षक को नामित किया गया है। इसके अलावा जनपद के राजस्व विभाग की टीम के साथ संयुक्त रूप से क्षेत्र की पैमाइश कर क्षेत्र में हुये खनन का सही आंकलन किया जायेगा। विस्तृत पैमाईश के उपरान्त क्षेत्र के अन्दर पर्यावरण अनापत्ति में अनुमन्य खनन मात्रा से अधिक खनन मात्रा पाये जाने पर खनन पट्टे का संचालन तत्काल रोके जाने की कार्यवाही की जायेगी। क्षेत्र के बाहर हुये खनन पर नियम-५७ के अन्तर्गत कार्यवाही भी की जानी है। उक्त दोनों खनन स्थल पर ओवर लोड वाहन पाये गये। (पट्टा स्थल) से ही ओवर लोड को रोकने के लिए उप खनिज (परिहार) नियमावली १६६३ के नियम-५६(६) के अन्तर्गत पट्टेधारकों पर ऐसे प्रत्येक अवसर पर २५०००.०० की शास्ति लगाया जाना प्राविधानित है। ओवर लोड वाहनों पर कार्यवाही के साथ ही पट्टाधारकों पर भी उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने के निर्देश डा रोशन जैकब ने दिये हैं। उन्होने यह भी निर्देश दिए हैं कि खनन क्षेत्रों में बाउण्ड्री पिलर की मरम्मत सही ढंग से हो तथा रेट बोर्ड भी सही रूप से प्रदर्शित हो। डा जैकब ने बताया कि खनन कार्य की सतत निगरानी किये जाने के लिए पीटीजेड कैमरे स्थापित कर जिले के कमाण्ड सेन्टर से जोड़े जाने के निर्देश निदेशालय ने पूर्व में ही दिये गये थे, जिसका अनुपालन नहीं किया गया, जिसके सम्बन्ध में खान अधिकारी कानपुर नगर से तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।



# स्वामी विवेकानन्द युवाओं के प्रेरणास्रोत हैं: केशव प्रसाद मौर्य

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने स्वामी विवेकानन्द की १५६वीं जयन्ती पर उनकी जन्मस्थली स्वामी विवेकानन्द हाउस पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होने स्वामी विवेकानन्द के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला। डिप्टी सीएम ने स्वामी विवेकानन्द के पैतृक आवास में स्थापित शिवलिंग की पूजा-अर्चना भी की। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानन्द का पूरा जीवन ही एक सन्देश है, स्वामी विवेकानन्द विशेषकर युवाओं के प्रेरणास्रोत हैं। उनका जीवन दर्शन देश ही नहीं, दुनिया के लिये अनुकरणीय और आज भी प्रासंगिक है। उन्होने दुनिया में



भारत के स्वाभिमान और गौरव को बढ़ाया। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानन्द का जन्मदिन, राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द के यह शब्द "उठो, जागो और तब तक न रुको, जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाय" देश को नयी उर्जा और नयी शक्ति प्रदान करते हैं। नारी सम्मान के प्रति उनका दृष्टिकोण बहुत ही अनुकरणीय है। स्वामी ने कहा था सफलता के लिये लक्ष्य पर ध्यान केन्द्रित करो। अपने संक्षिप्त जीवनकाल में स्वामी विवेकानन्द जो काम कर गये, वह आने वाली कई शब्तादियों तक पीढ़ियों का मार्गदर्शन करते रहेंगे।

# वाहन चोरी करने वाले गिरोह का हुआ खुलासा

लखनऊ। पुलिस महानिरीक्षक लखनऊ रेंज की सर्विलांस टीम और बीकेटी थाने की पुलिस टीम के द्वारा संयुक्त रूप से सोमवार को अंतर्जनपदीय गिरोह का खुलासा करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार किया। इनके पास से चोरी की तीन कार बरामद हुई हैं। जबकि तीन आरोपी मौके से फरार हो गए पुलिस फरार आरोपियों की तलाश कर रही है। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण में गिरोह का खुलासा करने वाली टीम को १० हजार रुपए का पुरस्कार देने की घोषणा की है। क्षेत्राधिकारी बख्शी का तालाब डक्टर हिरदेश कठेरिया ने बताया की बख्शी का तालाब थाने के उपनिरीक्षक हंसराज सिंह और पुलिस महानिरीक्षक लखनऊ रेंज की सर्विलाँस टीम एयर फोर्स तिराहा पर मौजूद थे इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली की कुछ अज्ञात लोग भौली से विश्रामपुर जाने वाली सड़क पर चोरी के वाहनों का सौदा कर रहे हैं। इस सूचना पर संयुक्त टीम के द्वारा मौके पर घेराबंदी कर दो युवकों को पकड़ लिया जबकि तीन लोग मौके से फरार हो गए। पूछताछ में पुलिस ने पकड़े गए युवकों की शिनाख्त विपिन तिवारी निवासी गोविंद नगर कानपुर और मंगल कश्यप निवासी पलटन छावनी मडिगांव के रूप में की। पकड़े गए आरोपियों के पास से चोरी की तीन कार बरामद हुई। इनमें से एक कार आरोपियों के द्वारा ३ जनवरी को बर्रा ,कानपुर से चोरी की गई थी। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि इनके तीन फरार साथियों की पुलिस के द्वारा तलाश की जा रही है। पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किया गया विपिन तिवारी निवासी गोविंद नगर कानपुर इस गिरोह का सरगना है और पूर्व में इसके खिलाफ वाहन चोरी का मुकदमा दर्ज है जिसमें यह जेल गया था और जेल में ही अन्य साथियों से इसकी दोस्ती हुई । जिसके बाद यह सभी लोग गिरोह बनाकर विभिन्न जनपदों में वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे थे। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि इस वाहन चोर गिरोह के सदस्यों से पूछताछ के दौरान कई कबाड़ी के नाम भी उजागर हुए हैं। पुलिस इन कबाड़ी और फरार गिरोह के सदस्यों की तलाश कर रही है। एसपी ग्रामीणों ने इस गिरोह का खुलासा करने वाली पुलिस टीम को १० हजार रुपए का पुरस्कार देने की घोषणा की है।

# सीएम का कार्यक्रम स्थगित होने से अफसरों को मिली राहत

पलियाकलां-खीरी। तहसील क्षेत्र के चंदन चौकी में मुख्यमंत्री के संभावित आगमन का कार्यक्रम स्थगित हो गया, इसकी मिली सूचना पर मुख्यमंत्री की अगवानी की तैयारी में जुटे अधिकारियों ने राहत की सांस ली। जानकरी के अनुसार मुख्यमंत्री के संभावित आगमन को लेकर युद्ध स्तर पर शुरू हुई थी हवाई पट्टी की साफ सफाई का कार्य नगर पालिका ने जोरशोर से शुरु करवा दिया था। नगरपालिका का पूरा अमला सफाई व्यवस्था मे लग गया था। सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री योगी के कार्यक्रम स्थगित होने पर अधिकारियों ने राहत की सांस ली। बता दें कि कलेक्ट्रेट से सूचना मिलते ही खलबली मचगई और आननफानन में तैयारियों में जुट गए सूबे के मुखिया के आगमन का मामला था सभी विभाग अपने अपने तैयारियों में लग गए हालांकि सीएम के आगमन को लेकर कोई आधिकारिक प्रोटोकाल जारी नहीं हुआ था। फिर भी अधिकारी-कर्मचारी तैयारी में जुट गए थे। योजनाओं में प्रगति की कोशिश की जा रही थी। वहीं विकास कार्यों के आंकड़े भी दुरूस्त किए गए। हालांकि कार्यक्रम स्थगित होने की सूचना पर अधिकारियों ने राहत की सांस ली। इसको लेकर सरकारी कार्यालयों और आमजन के साथ ही पार्टी स्तर पर भी तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं।

## परिवार की रजामंदी के बाद प्यार करने वाले शादी के बंधन में बंधे

# कठिनाइयों को पार कर प्यार की हुई जीत

पलियाकलां-खीरी। परिवार की रजामंदी के बाद दो प्यार करने वाले शादी के बंधन में बंधे। पलिया के मोहल्ला रंगरेजान निवासी करन व पलिया क्षेत्र के ग्राम नगला निवासी गुड़िया पुत्री मेवालाल की शादी हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न हुई। आपको बता दें कि पलिया के रंगरेजान निवासी करन व नगला निवासी गुड़िया बरसों से एक दूसरे से प्यार करते थे। वही लड़के के घर वालों की तरफ से लड़की गुड़िया के राजी को देखते हुए शादी का न्योता भेजा गया। पहले तो घर वालों ने राजी होते हुए शादी करने का निर्णय बना लिया। लेकिन कुछ रिश्तेदारों के कानाफूसी और तमाम अड़चनें लगाने के बाद प्यार करने वाले और दोनों परिवारों में खींचतान शुरू हो गई। बात इतनी बढ़ गई की पलिया कोतवाली तक जा पहुंची फिर क्या होना था लड़की की रजामंदी को देखते हुए पुलिस भी क्या करती लेकिन परिवार के लोगों को भ्रमित करने वाले रिश्तेदारों को लड़की की रजामंदी रास नहीं आ रही थी। लड़की व लड़की के परिजनों पर दबाव बनाते हुए रिश्तेदारों ने रिस्ते को तोड़ने का पूरा प्रयास किया जा रहा था। तभी लड़की के भाई राहुल यह सब देखते हुए लड़की की शादी उसी के साथ करने का मन बना लिया जिससे वह प्यार करती थी। जैसे ही यह बात कुछ रिश्तेदारों को पता चली रिश्तेदारों ने देर रात घर आ धमके और लड़की के भाई राहुल को बुरा भला कहना शुरू कर दिया। लेकिन लड़की के भाई राहुल ने काफी हिम्मत दिखाते हुए पलिया के पांडे बाबा मंदिर में शादी करने का मन बना चुका था। फिर क्या था दोनों लड़की लड़के घर वालों ने ११६०१६ २०२१ध् दिन सोमवार को पलिया स्थित पांडे बाबा मंदिर में मोहल्ला रंगरेजान निवासी करन व ग्राम नगला निवासी गुड़िया पुत्री मेवालाल की शादी हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न हुई। दोनों ने एक दूसरे को माला पहनाकर जीवन भर साथ निभाने का वादा किया। वहीं उपस्थित लड़की का भाई राहुल दिवाकर लड़के का भाई रामप्रसाद दिवाकर एवं पलिया भाजपा नगर अध्यक्ष उदयवीर सिंह, नगर महामंत्री विजय गुप्ता, प्रगति गुप्ता, दिनेश दिवाकर, घनश्याम श्रीवास्तव, राजू सिंह सहित वर वधु पक्ष के परिवार व रिश्तेदार उपस्थित रहे।

# प्रदेश की लुप्तप्राय लोक विधा पर रंगनिर्देशक आतमजीत सिंह ने रखे विचार

**अद्भुत समाचार नेटवर्क**

लखनऊ। हमारे देखते–देखते कितना कुछ विलुप्त हुआ है पर वक्त के साथ चीजें। बदलती ही हैं, इसमें कोई हर्ज नहीं। नौटंकी और लोक परम्पराएं इतनी मुक्त होती हैं कि उनमें हम कहीं से कुछ अपना सकते हैं। कुछ खो रहा है तो कुछ जुड़ भी रहा है इन विधाओं में। नौटंकी के विधाओं के परम्परागत कलाकारों और आधुनिक रंगमंच के जानकार अगर अकादमिक तौर पर किसी संस्थान के माध्यम से नौटंकी की ट्रेनिंग दे तो इस तरह हम इस विधा में बहुत कुछ संरक्षित करने के साथ, बहुत कुछ नया भी हासिल कर सकते हैं। कुछ ऐसे ही उद्गार नौटंकी से जुड़े प्रयोगशील रंगनिर्देशक आतमजीत सिंह ने यहां उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी सभागार गोमतीनगर में आज दोपहर अभिलेखागार रिकार्डिंग कराते हुए व्यक्त किये। यहां वर्तमान परिश्य और नौटंकी विषय पर उनका साक्षात्कार प्रख्यात लेखक विजय पण्डित ले रहे थे। यह कार्यक्रम अकादमी फेसबुक पेज पर संस्कृति प्रेमियों के लिए लाइव चल रहा था। चर्चा के आरम्भ में अकादमी के सचिव ने वक्ताओं और अकादमी फेसबुक पेज पर लाइव चल रहे कार्यक्रम में दर्शकों श्रोताओं का स्वागत करते हुए कहा कि हमें अपनी संस्ंति की जड़ों को संरक्षित करने की आवश्यकता है। यह कार्यक्रम उसी क्रम की एक कड़ी है। इसे संपादित करके यू–ट्यूब में भी डाला जाएगा। जवाबों में आतमजीत सिंह ने कहा कि नौटंकी जैसी लोकविधाओं की तालीम गुरु–शिष्य परम्परा मे ही बेहतर ढंग से दी जा सकती है। उसमें निरंतरता बनी रहे, लिहाजा इसके लिए संस्थान की जरूरत भी महत्वपूर्ण है। आज के दौर में लोकविधाओं को लेकर आधुनिक रंगमंच के लोगों की रुचि बढ़ रही है और मैं इस विधा को लेकर आशान्वित हूं। जिस तरह कर्नाटक में यक्षगान को लेकर शिवराम कारंथ ने काम किया या दक्षिण में कोडिआट्टम जैसी विधा में जो काम हुआ, उसे हम ऐसी विधाओं के संरक्षण के उदाहरण के तौर पर देख सकते हैं। नौटंकी छंदों के अपनी शैली के गायन उद्धहरण सामने रखते हुए उन्होंने बताया कि भारतेंदु नाट्य अकादमी के निदेशक राज बिसारिया ने शुरुआती वर्षों में गिर्राजप्रसाद कामा जैसे विशेषज्ञ नौटंकी कलाकारों को लेकर सत्यवान सावित्री जैसी नौटंकी तैयार कर नौटंकी रंगप्रयोग की उत्ंष्ट बानगी सामने रखी परंतु सिलसिला टूट गया। अगर निरंतरता बनी रहती तो आशातीत परिणाम होते। कामा, गुलाबबाई जैसे परम्परागत कलाकारों के कार्य के साथ नौटंकी लेखन में सर्वेश्वर दयाल सक्सेना के बकरी, मुद्राराक्षस के आला अफसर व डाकू, उर्मिलकुमार थपलियाल की नई नवेली नौटंकी व हरिश्चन्नर की लड़ाई, सुशील कुमार सिंह की दूरदर्शन व विनोद रस्तोगी व उर्मिलकुमार की रेडियो के लिए लिखे छोटी नौटंकी प्रयोगों की चर्चा करते हुए कहा कि बकरी से नौटंकी आधुनिक रंगमंच के साथ जुड़ी ।इन लेखकीय प्रयोगों के मंगलाचरण के उदाहरण रखते हुए उन्होंने बताया कि इनकी शुरुआत ही दर्शको को अपने साथ जोड़ लेती है। इनमे तत्कालीन समाज और परिस्थितियों की आहट स्पष्ट दिखाई देती है। मैंने भी छह वर्ष पहले रूहानी प्रेम या सूफीवाद का संदेश देती लैला मजनू नौटंकी पर काम करते हुए उसे आतंकवाद की मौजूदा परिस्थितियों से जोड़ा था। अपने वक्तव्य में उन्होंने इस लोक विधा से जुड़े अन्य पहलुओं पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। फेसबुक के जीवंत प्रसारण में अनेक कलाप्रेमियों ने इस वार्ता को सुना और देखा।




हमारे अन्य प्रतिनिधि

संजय बाजपेई
सीतापुर
मो.9935160370

प्रियंका त्रिपाठी
नई दिल्ली

विधिक सलाहकार
सुरेश नारायण मिश्र

क्षेत्रीय सम्पादक
सौरभ कुमार, बिहार
मो.09386075289

मो० अरशद
ब्यूरो चीफ
मऊ


# मर्डर मिस्ट्री 'द गर्ल ऑन द ट्रेन' ओटीटी पर होगी रिलीज

मुंबई। परिणीति चोपड़ा स्टारर मर्डर मिस्ट्री 'द गर्ल ऑन द ट्रेन' ओटीटी पर रिलीज होगी। रिभु दासगुप्ता द्वारा निर्देशित बॉलीवुड फिल्म का प्रीमियर २६ फरवरी को नेटफ्लिक्स पर होगा। यह फिल्म मई २०२० में थियेटर में रिलीज होने वाली थी, उत्साह से मैंने इसे बनाया है। फिल्म हॉलीवुड थ्रिलर 'द गर्ल ऑन द ट्रेन' की एक आधिकारिक हिंदी रीमेक है, जो इसी नाम की पाउला हॉकिन्स की २०१५ बेस्टसेलर किताब पर आधारित है। टेट टेलर के हॉलीवुड संस्करण में एमिली ब्लंट




लेकिन कोविड महामारी के कारण इसकी रिलीज टलती गई। रिभु ने कहा, मैं हमेशा ऐसी शैली पर काम करना चाहता था और इसकी अनूठी कहानी मुझे पसंद आई। भावनाओं और रहस्यों दोनों क्षेत्रों में बहुत कुछ है, जिसे मैं इस थ्रिलर के माध्यम से दिखाना चाहता था। इसमें अस्वीकृति, अकेलापन, ताक–झांक, हर दिन की भाग–दौड़, जिसे हम देखते भी हैं और नहीं भी देखते हैं। उन्होंने कहा, फिल्म पर काम करने का एक बहुत ही शानदार अनुभव था। मुझे उम्मीद है कि दर्शक 'द गर्ल ऑन द ट्रेन' देखने के लिए उतने ही उत्साहित होंगे जितने ने मुख्य भूमिका निभाई। रिलायंस एंटरटेनमेंट के समूह के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिबाशीश सरकार ने कहा, 'द गर्ल ऑन द ट्रेन' नेटफ्लिक्स के साथ हमारी पहली फिल्म सहयोग को चिह्नित करती है, वहीं हमारे सहयोग में बनी आने वाली कई और फिल्में हैं। हम इस सस्पेंस थ्रिलर, रिभु की निर्देशकीय संवेदनाओं और बेहद प्रतिभाशाली कलाकारों के बारे में बहुत उत्साहित हैं। नेटफ्लिक्स की प्रतीक्षा राव ने कहा, हम भारत और दुनिया भर में अपने सदस्यों के लिए 'द गर्ल ऑन द ट्रेन' लाने के लिए रोमांचित हैं।

# 'धमाका' के लिए 20 करोड़ की फीस कार्तिक आर्यन ने ली

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन ने अपनी आने वाली फिल्म 'धमाका' के लिये २० करोड की फीस ली है। कार्तिक आर्यन हाल ही में राम माधवानी की फिल्म 'धमाका' की शूटिंग पूरी की है। इस ज्यादातर सीन्स को इनडोर ही शूट किया गया है, लेकिन कुछ सीन ऐसे हैं जो आउटडोर शूट हुए हैं और इस फिल्म की शूटिंग को खत्म करने के लिए कार्तिक आर्यन को १४ दिन का वक्त दिया गया था।




फिल्म में कार्तिक अलग लुक में नजर आने वाले हैं। जो फिल्मों में उनकी लवर बय की छ वि को तोड़ेगा। बताया जा रहा है कि कार्तिक आर्यन ने इस फिल्म की शूटिंग को १० दिनों में पूरा कर लिया, जिसके लिए उन्होंने २० करोड़ रुपए लिए हैं। बताया जा रहा है कि शूटिंग के दौरान इस बात को ध्यान में रखा गया था कि फिल्म की शूटिंग जल्द से जल्द खत्म हो जाए। इसके लिए लेकिन उन्होंने इस फिल्म की शूटिंग को १० ही दिनों में खत्म कर दिया। कार्तिक ने अपने बर्थडे पर फिल्म का मोशन पोस्टर शेयर करते हुए बताया कि फिल्म में वो एक पत्रकार का किरदार निभा रहे हैं। फिल्म में दिखाया जाएंगा कि एक टीवी चौनल के अंदर कैसे काम होता है और खास कर लाइव कवरेज के दौरान अंदर का कैसा माहौल होता है।

## जान्हवी कपूर ने गुड लक जेरी की शूटिंग शुरू की

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने अपनी आने वाली फिल्म गुड लक जेरी की शूटिंग शुरू कर दी है। जान्हवी कपूर बैक टू बैक कई फिल्मों में नजर वाली हैं। इस बीच उनकी फिल्म गुड लक जेरी का फर्स्ट लुक सामने आया चुका है। फिल्म की शूटिंग पंजाब में शुरू हो गई है।जान्हवी ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर फिल्म का पोस्टर शेयर किया है। जिसमें जान्हवी ट्रेडिशनल लुक में नजर आ रही हैं, उन्होंने नीले कलर का सलवार सूट पहना हुआ और ऑरेंज कलर के दूपट्टा डाला हुआ है और इस फोटो में वो मुस्कुराती दिख रही हैं।




स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय द्वारा सांई आफसेट प्रिन्टर्स, 40 वासुदेव भवन भातखण्डे संगीत महाविद्यालय के पीछे, कैसरबाग लखनऊ से छपवाकर एमआईजी 2/379 रश्मिखंड शारदानगर आशियाना लखनऊ उ०प्र० से प्रकाशित।
आर.एन.आई UPHIN/2010/32566

सम्पादक
आरती पाण्डेय
मो.9415087228
9889745884. 9807059191. 9026560178

Email-
adbhutsamachar@yahoo.in
adbhut_samachar@rediffmail.com



सभी विवादों का न्यायक्षेत्र लखनऊ होगा।

समाचार पत्र में छपी समस्त प्रकार की खबरों एवं लेखों का स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक आरती पाण्डेय से किसी भी प्रकार का कोई लेना देना नहीं है। समाचार पत्र में छपी खबर एवं लेख पत्रकारों के अपने निजी विचार हैं। समाचार पत्र से जुड़े समस्त पत्रकारों के पद अवैतनिक हैं। और वह सब स्वतंत्र पत्रकार हैं। प्रकाशक/सम्पादक